# दिल्ली में नकली सन फार्मा दवा का भंडाफोड़, दो हजार टैबलेट जब्त; छापामारी के बाद कार्रवाई जारी




**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने सन फार्मा की नकली रोसुवास एफ-20 टैबलेट (बैच नंबर एसआइएफ-2736ए) की बड़े पैमाने पर बिक्री और वितरण नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

विभाग ने यह कार्रवाई सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की शिकायत पर की, जिसमें सेंट्रल दिल्ली में एक रिटेल फर्म द्वारा नकली टैबलेट बेचे जाने की जानकारी दी गई थी।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जांच के दौरान विभाग को दिल्ली में कई वितरकों और थोक विक्रेताओं के बीच उक्त नकली दवा की आपूर्ति का पता चला। यह भी जानकारी में आया कि ओखला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फर्म जयंती मेडिकोज इसकी आपूर्ति कर रही है।

इसके बाद दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल विभाग के अधिकारियों की टीम ने सन फार्मा के अधिकृत प्रतिनिधि के साथ मिलकर जयंती मेडिकोज से नकली रोसुवास एफ-20 के दो हजार टैबलेट बरामद किए।

इसके बाद विभाग की दूसरी टीम ने चांदनी चौक के भागीरथ पैलेस में खंडेलवाल मेडिकोज का निरीक्षण किया तो उसे वहां भी संदिग्ध टैबलेट मिली। जिसके नमूने गुणवत्ता जांच के लिए सरकारी प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-fake-sun-pharma-drug-bust-new-delhi-city-news-23969671.html